**Mayank Warwade,** I.A.S.
State Project Director

**बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्**
शिक्षा भवन, राष्ट्रभाषा परिषद् परिसर,
सैदपुर, राजेन्द्रनगर, पटना–800004

**Bihar Education Project Council**
Shiksha Bhawan, Rashtrabhasha Parishad campus,
Saidpur, Rajendra Nagar, Patna-800004

पत्रांकः– Quality/341/2025/ 3883 दिनांक : 21.8.25

सेवा में,

**जिला शिक्षा पदाधिकारी,**
**जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा)**
**जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (EE & SSA),**
सभी जिला।

**विषयः–** **<u>समग्र शिक्षा के वार्षिक कार्य योजना एवं बजट 2025–26 में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अन्तर्गत अनुमोदित "Formation of Science Club/Maths Club" गतिविधि के क्रियान्वयन के संबंध में।</u>**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक सूचित करना है कि समग्र शिक्षा के वार्षिक कार्य योजना एवं बजट 2025–26 में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अन्तर्गत "Formation of Science Club/Maths Club" की गतिविधि हेतु सभी जिले के माध्यमिक विद्यालयों के लिए प्रति विद्यालय ₹5000/– की दर से बजट की स्वीकृति प्राप्त है। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों में नवाचार और प्रौद्योगिकी के उपयोग द्वारा वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सभी माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों में विज्ञान एवं गणित क्लब का गठन कर विद्यालयों में गतिविधियों के संचालन करने हेतु निदेश निम्नवत है :–

1. आपके जिले के सभी विद्यालयों में विज्ञान एवं गणित क्लब के गठन तथा गतिविधियों के आयोजन हेतु राज्य स्तर पर तैयार किये गये दिशा–निर्देश की प्रति उपलब्ध कराते हुए दिनांक 30.08.2025 तक विद्यालयों में विज्ञान एवं गणित क्लब के गठन/पुर्नगठन कराए जाने का निदेश संबंधित प्रधानाध्यापकों को दिया जाय।
2. जिले के द्वारा प्रत्येक माह विद्यालयों से क्लब अन्तर्गत गतिविधियों के संचालन संबंधी अनुश्रवण किया जाना सुनिश्चित किया जाय। जिले द्वारा विज्ञान एवं गणित क्लब के गतिविधियों से संबंधित Best Practices अन्तर्गत प्रतिवेदन, फोटोग्राफ्स एवं वीडियो क्लिप (1–2 Minute) के साथ राज्य कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

अतएव, उपरोक्त के आलोक में तद्नुसार कार्रवाई सुनिश्चित किया जाय।

विश्वासभाजन,

**अनुलग्नक : यथोक्त।**

Warwade 21/8/25
**(मयंक वरवड़े)**
राज्य परियोजना निदेशक



Scanned with OKEN Scanner

## माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में विज्ञान एवं गणित क्लब हेतु दिशा-निर्देश

### *विद्यालय में विज्ञान और गणित क्लब का उद्देश्य*

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान का उद्देश्य बच्चों में जिज्ञासा और रचनात्मकता की भावना, विज्ञान एवं गणित के प्रति रुचि और प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग को बढ़ावा देना और इन विषयों के प्रति रुचि और प्रतिभा दिखाने वालों बच्चों को अकादमिक उत्कृष्टता और अनुसंधान की ऊँचाइयों तक पहुँचने के लिए प्रोत्साहित और समर्थित करना है।

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अन्तर्गत समग्र शिक्षा के वार्षिक कार्य योजना एवं बजट 2025–26 में राज्य के माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में विज्ञान, गणित एवं प्राद्योगिकी के प्रयोग से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विज्ञान एवं गणित क्लब का गठन किया जाना है।

### *विज्ञान एवं गणित क्लब गठन एवं संचालन*

- प्रधानाध्यापक की अध्यक्षता में प्रत्येक विद्यालय में विज्ञान एवं गणित क्लब का गठन किया जायेगा। विद्यालय प्रधान की भूमिका सहायक, मार्गदर्शक एवं कार्यक्रम के लिये सुविधा उपलब्ध कराने की होगी। क्लब के गतिविधियों के संचालन हेतु विज्ञान अथवा गणित के वरीय शिक्षक को नोडल शिक्षक के रूप में नामित किया जायेगा।
- प्रत्येक क्लब में सदस्यों की संख्या 20 (10 छात्र एवं 10 छात्राएँ) होगी। क्लब सदस्यों का चयन नोडल शिक्षक/शिक्षिका के मार्गदर्शन में निम्नानुसार किया जायेगा :–

| **विद्यालय** | **विज्ञान एवं गणित क्लब के सदस्य** |
|---|---|
| मध्यमिक/उच्च माध्यमिक स्तर (कक्षा 9–12) | कक्षा 9 एवं 11 के विद्यार्थी **(कुल–20 सदस्य)** |

- विज्ञान एवं गणित क्लब द्वारा विद्यालय स्तर पर एक वार्षिक कैलेन्डर का निर्माण किया जायेगा, जिसमें विभिन्न तिथियों पर होने वाले कार्यक्रमों का निर्धारण किया जायेगा। नोडल शिक्षक द्वारा प्रति दो माह में सभी सदस्यों के साथ विज्ञान एवं गणित क्लब की बैठक आयोजित कर पूर्व कार्यक्रमों की समीक्षा एवं आगामी 2 माह के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

Scanned with OKEN Scanner

## विज्ञान एवं गणित क्लब की गतिविधियाँ

- ➢ विद्यालय में विज्ञान की प्रयोगशालाओं, इंटीग्रेटेड साइंस मैथ लैब, अटल टिंकरिंग लैब एवं विज्ञान कॉर्नर का बच्चों के कक्षा शिक्षण में नियमित उपयोग सुनिश्चित करना ।
- ➢ राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस, ओलंपियाड, इंस्पायर अवार्ड योजना एवं विज्ञान/गणित/प्रौद्योगिकी से संबंधित प्रतियोगिता, अंतराष्ट्रीय विज्ञान दिवस, राष्ट्रीय विज्ञान दिवस में प्रतिभागिता हेतु विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना ।
- ➢ क्लब अंतर्गत विद्यालय में व्याख्यान या अन्य कार्यक्रम हेतु जिले या प्रखंड के विज्ञान प्रौद्योगिकी से संबंधित उच्च शैक्षणिक संस्थानों को मेंटर संस्थान चिन्हित करते हुए उनका मार्ग दर्शन प्राप्त किया जाना अपेक्षित है ।

## *वित्तीय व्यय हेतु निर्देशः*

- विद्यालय स्तर पर विज्ञान एवं गणित क्लब के गतिविधियों के आयोजन हेतु विद्यालय के समग्र शिक्षा के SNA अकाउंट में ड्राइंग लिमिट निर्धारित की जाएगी।
- इस राशि का उपयोग विज्ञान प्रदर्शनी, सेमिनार, बाल विज्ञान कांग्रेस, और सरकारी संगठन द्वारा आयोजित किसी भी विज्ञान से संबंधित कार्यक्रम के दौरान गतिविधियों के के आयोजन एवं प्रखंड स्तर पर बच्चों की प्रतिभागिता हेतु किया जा सकता है।
- वैज्ञानिक गतिविधियों के प्रचार–प्रसार हेतु ई–सामग्री, आवश्यक इंटरनेट सुविधाओं और गतिविधियों के दौरान बच्चों के लिए अल्पाहार, यात्रा व्यय, पुरस्कार स्टेशनरी आदि के साथ–साथ समस्त आवर्ती खर्चों हेतु किया जा सकता है।
- क्लब की गतिविधियों के सम्पादन के उपरांत विद्यालय द्वारा प्रतिवेदन (फोटो विडियों एवं Best Practices) प्रखंड एवं जिला कार्यालय को उपलब्ध कराया जाएगा।

◆◆◆

Scanned with OKEN Scanner